भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड, मुंबई

विज्ञापन सं. 5ए/2010-11

(यह विज्ञापन तथा आवेदन का प्रारूप भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट, www.rbi.org.in से प्राप्त किया जा सकता है)

भारतीय रिज़र्व बैंक (भारिबैं/बैंक) में निम्नलिखित पदों के लिए भारतीय नागरिकों, नेपाल के नागरिकों और भूटान की प्रजा, तिब्बती शरणार्थी (1 जनवरी 1962 से पहले भारत में आए हुए) और भारतीय मूल के व्यक्ति जो म्यांमार और श्रीलंका से भारत में स्थायी रूप से बसने के इरादे से आए हैं और जिनके पक्ष में भारत सरकार द्वारा जारी किया गया पात्रता प्रमाणपत्र हो, से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

		रिक्तियों की संख्या				
क्रम सं.	पद	अनारक्षित अर्थात सामान्य (सामा.)	अनुसूचित जाति (अजा)	अनुसूचित जनजाति (अजजा)	अन्य पिछड़ा वर्ग (अपिव)	कुल
1	सहायक प्रबंधक (सुरक्षा) ग्रेड 'ए' *	08	01	01	-	10
2.	सहायक प्रबंधक (राजभाषा) ग्रेड 'ए' **	06	02	- @	04	12
3.	सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग (सांसूप्रवि) के लिए अनुसंधान अधिकारी ग्रेड बी***	05	01	- @	04	10

* ये पद विकलांग उम्मीदवारों के लिए उपयुक्त नहीं हैं।

** एक पद विकलांग श्रेणी के अंतर्गत दृष्टिहीन विकलांग (दृ.वि) उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है। बधिर तथा अस्थि रूप से विकलांग (अ.वि.) उम्मीदवारों के लिए कोई पद आरक्षित नहीं है। तथापि बधिर तथा अस्थि रूप से विकलांग उम्मीदवार भी पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं परंतु वे आयु तथा आवेदन शुल्क को छोड़कर किसी भी रियायत/छूट के लिए पात्र नहीं होंगे।

*** विकलांगों के लिए कोई पद आरक्षित नहीं है। तथापि विकलांग उम्मीदवार पद के लिए आवेदन कर सकते हैं परंतु वे आयु और आवेदन शुल्क को छोड़कर किसी भी रियायत/छूट के लिए पात्र नहीं होंगे।

@ यद्यपि उपर्युक्त पद के लिए अजजा उम्मीदवारों के लिए कोई रिक्ति आरक्षित नहीं है, वे भी आवेदन कर सकते हैं। तथापि वे आवेदन शुल्क को छोड़कर किसी भी रियायत/छूट के लिए पात्र नहीं होंगे।

टिप्पणी : विकलांग उम्मीदवारों के पास भारत सरकार/राज्य सरकार के प्राधिकृत विभाग/अस्पताल द्वारा जारी इस आशय का एक नवीनतम प्रमाण पत्र होना चाहिए।

1. सहायक प्रबंधक (सुरक्षा) ग्रेड 'ए'

क) कार्य संबंधी अपेक्षाएं : वे अग्रलिखित कार्यों के लिए उत्तरदायी होंगे (i) बैंक के कार्यालय भवनों में ट्रेजर वाल्टों, गलियारों, प्रवेश और बर्हिगमन द्वारों के लिए आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था के बारे में पहरेदारी और चौकीदारी की व्यवस्था, सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी, मॉनिटरिंग, रिकार्डिंग आदि (ii) प्रोटोकॉल संबंधी कार्य (iii) बैंक की संपत्ति की सुरक्षा/अनुरक्षण तथा (iv) इस प्रयोजन के लिए लगाए गए स्टाफ पर नियंत्रण।

ख) पात्रता मानदण्ड :

I) अनुभव (दिनांक 01.04.2011 को) (i) उन्हें थल सेना/जल सेना/वायु सेना में न्यूनतम पांच वर्ष की कमीशन-प्राप्त सेवा कर चुका कोई अधिकारी होना चाहिए।

II) आयु (दिनांक 01.04.2011 को) 25 और 40 वर्ष के बीच **(किसी भी श्रेणी को कोई छूट नहीं।**

ग) चयन योजना : चयन साक्षात्कार के माध्यम से होगा। साक्षात्कार के लिए बुलाए जानेवाले उम्मीदवारों की संख्या को रिक्तियों की संख्या के समानुपातिक रूप में सीमित करने की दृष्टि से अनुभव की न्यूनतम सीमा को बढ़ाए जाने का अधिकार बोर्ड के पास सुरक्षित है। चुने गए उम्मीदवारों को साक्षात्कार के स्थान तथा तारीख की सूचना यथासमय दी जाएगी।

2. सहायक प्रबंधक (राजभाषा) ग्रेड 'ए'

क) कार्य संबंधी अपेक्षाएं :

i) बैंक के विभिन्न संदर्भों, दस्तावेज़ों, मैनुअलों और अन्य प्रकाशनों का अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद और इसके विपरीत तथा इनके मुद्रण की व्यवस्था करना।

ii) हिन्दी के प्रयोग के संबंध में सरकार के अनुदेशों का कार्यान्वयन।

iii) बैंक के स्टॉफ के लिए हिन्दी शिक्षण योजना की व्यवस्था।

ख) पात्रता मानदंड :

I) शैक्षिक अर्हताएं (दिनांक 01.04.2011 को) :

अनिवार्य :

i) स्नातक स्तर पर एक विषय के रूप में अंग्रेजी के साथ हिन्दी/हिन्दी अनुवाद में द्वितीय श्रेणी की स्नातकोत्तर डिग्री अथवा

ii) स्नातक स्तर पर एक विषय के रूप में हिन्दी के साथ अंग्रेजी में द्वितीय श्रेणी की स्नातकोत्तर डिग्री अथवा

iii) स्नातक स्तर पर विषय के रूप में हिन्दी और अंग्रेजी के साथ संस्कृत/अर्थशास्त्र/वाणिज्य में द्वितीय श्रेणी की स्नातकोत्तर डिग्री। (स्नातक स्तर पर हिन्दी विषय के बदले स्नातक स्तर के समकक्ष मान्यताप्राप्त हिन्दी अर्हता भी हो सकती है) अथवा

iv) हिन्दी/हिन्दी अनुवाद और अंग्रेजी दोनों में स्नातकोत्तर डिग्री जिसमें से एक द्वितीय श्रेणी की होनी चाहिए।

वांछनीय : द्विभाषी शब्द संसाधन का ज्ञान।

II) अनुभव : (दिनांक 01.04.2011 को) :

अनिवार्य : किसी राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय साप्ताहिक/समाचार पत्र या किसी सरकारी/अर्ध सरकारी कार्यालय या किसी स्वायत्त निकाय/उपक्रम आदि में अंग्रेजी से हिन्दी अनुवाद तथा इसके विपरीत या शब्दावली निर्माण में कम से कम तीन वर्ष का अनुभव।

वांछनीय :

i) स्नातक स्तर पर संस्कृत/कोई अन्य आधुनिक भारतीय भाषा/भाषा विज्ञान का अध्ययन।

ii) साहित्यिक कार्य का प्रकाशन।

III) आयु (दिनांक 01.04.2011 को) 30 वर्ष से अधिक नहीं। पीएच. डी योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा 32 वर्ष होगी। विनिर्दिष्ट श्रेणियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट के लिए कृपया निम्नलिखित मद सं. 5 देखें।

ग) चयन योजना : चयन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। लिखित परीक्षा **दिनांक 10 जुलाई 2011, रविवार** को आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा हिंदी से अंग्रेजी और इसके विपरीत अनुवाद करने के उम्मीदवार के सामर्थ्य तथा बैंकिंग, अर्थशास्त्र, वाणिज्य और अन्य संबंधित विषयों से संबंधित पारिभाषिक शब्दों पर बल देते हुए हिंदी एवं अंग्रेजी शब्दावली के ज्ञान तथा स्वंय को हिन्दी और अंग्रेजी में व्यक्त करने की उम्मीदवार की योग्यता का मूल्यांकन करने के लिए, 100 अंकों की 3 घंटे की होगी। जो उम्मीदवार लिखित परीक्षा में अर्हता प्राप्त करेंगे उन्हें ही साक्षात्कार के लिए चुना जाएगा। अंतिम चयन, लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार में निष्पाहदन के आधार पर सम्मिलित रूप से होगा।

3. सांसूप्रवि के लिए अनुसंधान अधिकारी ग्रेड 'बी'

क) कार्य संबंधी अपेक्षाएं : विभिन्न स्रोतों से आंकड़े एकत्र करना, उनका संकलन, विश्लेषण तथा व्याख्या करना, आधुनिक सांख्यिकीय/अर्थमिति प्रतिरूपों को शामिल करते हुए सांख्यिकीय विश्लेषण करना, आंकड़ों आदि का अनुभवन-सिद्ध परीक्षण करना, मुद्रा और बैंकिंग, मूल्यों, बचत और निवेश, राष्ट्रीय लेखों, सूचकांक इत्यादि के संबंध में विभिन्न प्रकार के आंकड़ों पर वैचारिक और सुव्यवस्थित अध्ययन करना, बड़े पैमाने पर नमूना सर्वेक्षणों की डिजाइनिंग एवं संचालन और प्रणाली विश्लेषण सहित कंप्यूटर कार्यक्रम के विकास कार्य को हाथ में लेना तथा बैंक की कंप्यूटर प्रणाली पर उसका संसाधन (प्रोसेसिंग) करना।

ख) पात्रता मानदंड :

I) शैक्षिक अर्हताएं (दिनांक 01.04.2011 को) :

अनिवार्य :

(i) न्यूनतम 55% अंक अथवा समकक्ष ग्रेड सहित सांख्यिकी/गणितीय सांख्यिकी/गणितीय अर्थशास्त्र/अर्थमिति/सांख्यिकी एवं सूचना विज्ञान में आईआईटी-खड़गपुर/अनुप्रयुक्त सांख्यिकी एवं सूचना विज्ञान में आईआईटी-बाम्बे से स्नातकोत्तर डिग्री अथवा

(ii) न्यूनतम 55% अंकों, या समकक्ष ग्रेड के साथ गणित में स्नातकोत्तर डिग्री और किसी प्रतिष्ठित संस्थान से सांख्यिकी या संबंधित विषयों में एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा अथवा

(iii) न्यूनतम 55% अंकों के साथ इंडियन स्टैटिस्टिकल इन्स्टीटयूट से एम.स्टैट की डिग्री।

टिप्पणी : अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए मद सं. (i) (ii) तथा (iii) में उल्लिखित स्नातकोत्तर डिग्री में न्यूनतम अपेक्षित अंक 50% अथवा समकक्ष ग्रेड है।

वांछनीय :

(i) उपर्युक्त से संबंधित विषयों में डाक्टरेट की उपाधि रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

(ii) अनुसंधान या अध्यापन का अनुभव और मानक पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशन एक अतिरिक्त योग्यता समझी जाएगी।

II) आयु (दिनांक 01.04.2011 को) :

21 और 30 वर्ष के बीच (उम्मीदवार का जन्म दिनांक 02/04/1981 से पहले तथा दिनांक 01/04/1990 के बाद नहीं हुआ हो)

(i) विनिर्दिष्ट विषयों में एम.फिल/पी.एच.डी अर्हता वाले उम्मीदवार ऊपरी आयु सीमा में क्रमश: 1 और 3 वर्ष की छूट के लिए पात्र होंगे।

(ii) भारत/विदेश के किसी मान्यता प्राप्त विश्वंविद्यालय/संस्थान में अनुसंधान/अध्यापन का अनुभव रखने वाले उम्मीदवार ऊपरी आयु सीमा में उक्त अनुभव के वर्षों की सीमा तक छूट के लिए पात्र होंगे। यह छूट अधिकतम 3 वर्ष की होगी। अनुभव के लिए परिवीक्षा अवधि को नहीं गिना जाएगा। विनिर्दिष्ट श्रेणियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट के लिए कृपया निम्नलिखित मद सं. 5 देखें।

ग) चयन योजना :

चयन, लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से होगा। लिखित परीक्षा **दिनांक 16 जुलाई 2011** (शनिवार) और दिनांक **17 जुलाई 2011** (रविवार) को आयोजित की जाऐगी जिसमें निम्नलिखित प्रश्न पत्र होंगे :

	प्रश्न-पत्र	अवधि	अधिकतम अंक
प्रश्न-पत्र I	वस्तुनिष्ठ स्वरूप (सांख्यिकी पर)	3 घंटे	100
प्रश्न-पत्र II	वर्णनात्मक स्वरूप (सांख्यिकी पर)	3 घंटे	100
प्रश्न-पत्र III	अंग्रेजी (वर्णनात्मक स्वरूप)	3 घंटे	100
		कुल	300

घ) पाठ्यक्रम : प्रश्नपत्रों का स्तर भारत के किसी भी केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्नातकोत्तर डिग्री परीक्षा का होगा।

प्रश्नपत्र I : इस प्रश्नपत्र में संभाव्यता : संभाव्यता की परिभाषा, मानक वितरण, छोटे और बड़े नमूना सिद्धांत, भिन्नता विश्लेषण, अनुमान, परिकल्पनाओं का परीक्षण, तथा स्टॉकेस्टिक प्रोसेसेस संबंधित प्रश्न होंगे।

प्रश्नपत्र II : इस प्रश्नपत्र में

(i) संभाव्यता और नमूना चयन

(ii) रेखीय मॉडल तथा आर्थिक सांख्यिकी,

(iii) सांख्यिकी परिणाम (अनुमान, परिकल्पनाओं का परीक्षण तथा नॉन-पैरामिटरिक परीक्षण)

(iv) स्टॉकेस्टिक प्रोसेसेस

(v) मल्टीवेरिएट विश्लेषण

(vi) संख्यात्मक विश्लेषण तथा मूलभूत कंप्यूटर तकनीकों से संबंधित प्रश्न होंगे। उम्मीदवारों को इस बात का पर्याप्त विकल्प उपलब्ध रहेगा कि वे दिए गए 6 समूहों में से तीन या अधिक समूहों से अपेक्षित संख्या में प्रश्नों के उत्तर दें।

प्रश्नपत्र III - अंग्रेजी :

निबंध, सार लेखन, बोधगम्यतता, व्यावसायिक/कार्यालयीन पत्राचार।

ड.) परीक्षा और साक्षात्कार :

(i) केवल उन्हींण उम्मीदवारों के प्रश्न-पत्र II और प्रश्न-पत्र III का मूल्यांकन किया जाएगा, जिन्होंने बोर्ड के निर्णयानुसार प्रश्नपत्र में गुणवत्ता के आधार पर पर्याप्त रूप से उच्च अंक अर्जित किए हों।

(ii) अंग्रेजी के पेपर III को छोड़कर लिखित परीक्षा के प्रश्नपत्र हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में तैयार किए जाएंगे। अंग्रेजी के पेपर III को छोड़कर उत्तर हिंदी अथवा अंग्रेजी में लिखे जा सकते हैं। उम्मीदवार अपने विकल्प पर साक्षात्कार के दौरान हिंदी अथवा अंग्रेजी में उत्तर दे सकते हैं।

(iii) साक्षात्कार हेतु बुलाए जानेवाले उम्मीदवारों की संख्याद बोर्ड द्वारा तय की जाएगी।

(iv) अंतिम तौर पर चयन, लिखित परीक्षा (प्रश्न पत्र I, II और III) तथा साक्षात्कार में निष्पादन के आधार पर सम्मिलित रूप से होगा।

4. परीक्षा केंद्र : [सप्र (राजभाषा) ग्रेड ए तथा सांसूप्रवि के लिए अनुसंधान अधिकारी ग्रेड बी के लिए]

लिखित परीक्षा निम्नलिखित केंद्रों (कोड सं. कोष्ठक में दी गई है) पर आयोजित की जाएगी :

परीक्षा केंद्र	कोड नं.	परीक्षा केंद्र	कोड नं.
अहमदाबाद	(11)	जम्मू	(21)
बंगलूर	(12)	कानपुर	(22)
भोपाल	(13)	कोच्ची	(23)
भुवनेश्वर	(14)	लखनऊ	(24)
कोलकाता	(15)	मुंबई	(25)
चंडीगढ़	(16)	नागपुर	(26)
चेन्नै	(17)	नई दिल्ली	(27)
गुवाहाटी	(18)	पटना	(29)
हैदराबाद	(19)	पुणे	(30)
जयपुर	(20)	तिरूवनंतपुरम	(31)

उम्मीदवार केवल एक ही केंद्र का चयन कर सकता है जिसके नाम और कोड नंबर का उल्लेख आवेदन में अवश्यव किया जाए। लिखित परीक्षा के केंद्र और तारीखों में बोर्ड के विवेकानुसार परिवर्तन किया जा सकता है। किसी भी केंद्र पर लिखित परीक्षा रद्द किये जाने की स्थिति में बोर्ड, अपने विवेक पर, संबंधित उम्मीदवारों को वैकल्पिक केंद्र आबंटित कर सकता है। लिखित परीक्षा में प्रवेश पानेवाले उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा की तारीख, समय-सारणी और स्थालन की सूचना प्रवेश-पत्र के माध्य म से दी जाएगी। उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र के बिना लिखित परीक्षा में बैठने नहीं दिया जाएगा। **परीक्षा केंद्र में परिवर्तन संबंधी किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।**

5. **ऊपरी आयु सीमा में छूट :** सहायक प्रबंधक (सुरक्षा) ग्रेड ए के पद को छोड़कर ऊपरी आयु सीमा में निम्नानुसार छूट दी जाएगी।

क) अपिव के उम्मीदवारों के मामले में 3 वर्ष यदि उनके लिए पद आरक्षित हैं।

ख) निम्नमलिखित के मामले में 5 वर्ष :

(i) अजा/अजजा उम्मीदवारों के लिए यदि उनके लिए पद आरक्षित हैं

(ii) बैंकिंग संस्थाओं के वे भूतपूर्व कर्मचारी जिनकी सेवाएं मितव्ययता के कारण या बैंक के परिसमापन के परिणामस्वकरूप समाप्त कर दी गई थी तथा रोजगार केन्द्र के माध्यम से आवेदन करने वाले, न्यूनतम एक वर्ष की सेवा के बाद सरकारी कार्यालयों से छंटनी हुए कर्मचारी

(iii) वे भूतपूर्व सैनिक (आपातकालीन कमीशन-प्राप्ते अधिकारियों/अल्पा वधि सेवा कमीशन प्राप्तआ अधिकारियों सहित) बशर्ते आवेदनकर्ता ने सेना में लगातार कम से कम 5 वर्ष सेवा की हो और जो निर्दिष्ट कार्यकाल पूरा होने पर सेवामुक्तम किये गये हैं (इनमें वे भी शामिल हैं जिनका कार्यकाल एक वर्ष में पूरा होने वाला है) किंतु इनमें वे भूतपूर्व सैनिक शामिल नहीं है जिन्हें कदाचार या अकुशलता या शारीरिक अक्षमता के कारण सेवामुक्त किया गया है अथवा जो सैन्य सेवा से संबंधित अपंगता या अशक्तेता के कारण से सेवामुक्तकर दिये गए हों।

(iv) ऐसे आपातकालीन कमीशन - प्राप्त अधिकारी/अल्पावधि सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारी, जो पांच वर्ष की मिलीटरी सेवा में प्रारंभिक काल पूरा कर चुके हों लेकिन जिनका कार्यकाल पांच वर्ष से अधिक अवधि के लिए बढ़ा दिया गया हो तथा जिनके मामले में रक्षा मंत्रालय इस आशय का प्रमाणपत्र जारी करे कि चयन होने पर नियुक्ति का प्रस्ताव प्राप्त होने की तारीख से तीन महीने के भीतर ही उन्हें कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

(v) वे उम्मीदवार जो 1 जनवरी 1980 और 31 दिसंबर 1989 के बीच की अवधि में सामान्यत: जम्मू और कश्मीर डिवीजन के अधिवासी रहे थे।

ग) विकलांग उम्मीदवार (सामान्य) के लिए 10 वर्ष; विकलांग उम्मीदवार (अपिव) के लिए 13 वर्ष; विकलांग उम्मीदवार (अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति) के लिए 15 वर्ष।

टिप्पाणी : आयु सीमा में संचयी छूट उपर्युक्त मदों या अन्य मदों के संयोजन से नहीं दी जाएगी।

6. **सेवा शर्तें/करिअर-संभावनाएं :**

i) **वेतनमान:**

I) ग्रेड ए अधिकारियों के लिए: ग्रेड ए अधिकारियों के लिए लागू 17,100-1000 (11)-28100-द.रो.-1000(4)-32100-1100 (1)-33200 रुपए के वेतनमान पर उनका प्रारंभिक मूल वेतन 17,100/- रुपए प्रतिमाह होगा। वे समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार मंहगाई भत्ते, स्थानीय भत्ते, आवास भत्ते, परिवार भत्ते तथा ग्रेड भत्ते के लिए भी पात्र होंगे। वर्तमान में कुल प्रारंभिक मासिक परिलब्धियां लगभग 30,442/- रुपये प्रतिमाह है। **इसके अतिरिक्त रक्षा अधिकारियों को वेतन सुरक्षा दी जाएगी।**

II) **ग्रेड 'बी' अधिकारियों के लिए :** ग्रेड 'बी' अधिकारियों के लिए लागू 21000-1000-30000-द.रो.- 1000-32000-1100-36400 रुपए के वेतनमान पर उनका प्रारंभिक मूल वेतन 21,000/- रुपए प्रतिमाह होगा तथा वे समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार मंहगाई भत्ते, स्थानीय भत्ते, आवास भत्ते, परिवार भत्ते के पात्र भी होंगे। वर्तमान में सीधी भर्ती के अंतर्गत ग्रेड 'बी' अधिकारियों के लिए कुल प्रारंभिक मासिक परिलब्धियां लगभग 38,276/- रुपये प्रतिमाह है।

ii) **अनुलाभ :**

पात्रता के अनुसार उपलब्धता के आधार पर बैंक आवास, कार्यालयीन उद्देश्य से वाहन के अनुरक्षण के लिए व्यय की प्रतिपूर्ति, समाचार पत्र, टेलीफोन प्रभार, पुस्तक अनुदान, आवास की फर्निशिंग के लिए भत्ते आदि। पात्रता के अनुसार ओपीडी उपचार/ हस्पताल में भर्ती होने के लिए चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति सहित नि:शुल्क औषधालय की सुविधा। ब्याज मुक्त त्यौहार अग्रिम, छुट्टी किराया रियायत (दो वर्ष में एक बार स्वयं पति/पत्नी तथा पात्र आश्रितों के लिए)। आवास, कार, शिक्षा, उपभोक्ता वस्तुएं, पर्सनल कंप्यूटर आदि के लिए रियायती ब्याज दरों पर ऋण तथा अग्रिम। इन पदों से भविष्यभ निधि, पेंशन, ग्रैच्युटी के लाभ भी जुड़े हुए हैं।

iii) **बैंक को लागत :**

मुंबई में भारतीय रिज़र्व बैंक में कार्यग्रहण करने वाले अधिकारियों के लिए बैंक के लिए लागत के आधार पर इन पदों से जुड़े स्वीकार्य अनुलाभों सहित कुल वेतन तथा भत्ते का योग ग्रेड 'बी' अधिकारी के लिए कम से कम 10.00 लाख रुपए प्रतिवर्ष (लगभग) है। ग्रेड ए अधिकारियों के लिए न्यूनतम वेतनमान पर आवसीय सुविधा को छोड़कर बैंक को लागत 5.75 लाख रुपए प्रतिवर्ष (लगभग) है। आवासीय सुविधा का बाजार मूल्य अधिकतम 1.75 लाख रुपए प्रतिवर्ष होगा।

नोट : जो उम्मीदवार बैंक के लिए सार्थक महत्त्व की उच्चा शैक्षिक योग्यैता अथवा व्या वसायिक योग्यपता/ विशेष अनुभव रखते हों उन उम्मीरदवारों को बैंक अपने विवेक पर चार अग्रिम वेतन वृद्धि देने पर विचार कर सकता है। बोर्ड, साक्षात्कामर के समय बैंक के सार्थक महत्त्व के लिए उच्चधतर योग्यकता/विशेष अनुभव के कारण उच्चतर परिलब्धियों के अनुरोध पर विचार करने का एक मात्र अधिकार रखता है। ऐसी जानकारी जीवन-वृत फार्म के उचित कॉलम में दी जाए। अधिकतम वेतनवृद्धियों की संख्या 4 होगी। बोर्ड/बैंक साक्षात्कार के बाद प्राप्ति हुए अनुरोध पर विचार नहीं करेगा।

iv) कुछ केंद्रों में सीमित संख्या में आवासीय क्वार्टर की सुविधा उपलब्ध है। पट्टे पर आवासीय सुविधा तथापि सभी केंद्रों पर उपलब्ध है

v) प्रारंभिक नियुक्ति दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर होगी जो बैंक के विवेकानुसार अधिकतम चार वर्ष के लिए बढ़ाई जा सकती है।

vi) उच्चतर ग्रेडों में पदोन्नति की पर्याप्त संभावनाएं हैं।

vii) चुने गए उम्मीदवारों को भारत में कहीं भी तैनात और स्थानांतरित किया जा सकता है।

7. **आवेदन शुल्के (अप्रतिदेय) :** 100/- रूपये (एक सौ रूपये मात्र)। अजा/अजजा/विकलांग उम्मीदवारों के लिए कोई शुल्कर देय नहीं है। शुल्को का भुगतान केवल **मुंबई** में देय तथा **भारतीय रिज़र्व बैंक** के पक्ष में आहरित मांग ड्राफ्ट से किया जाए। तथापि, जिन स्थानों पर बैंक नहीं है उन स्थानों के उम्मीदवार शुल्क का भुगतान भारतीय रिज़र्व बैंक के पक्ष में आहरित तथा प्रधान डाकघर, मुंबई में देय रेखांकित भारतीय पोस्टल आर्डर के माध्यम से कर सकते हैं। उम्मीदवार अपना नाम और पता मांग ड्राफ्ट के दूसरी तरफ और पोस्टल आर्डर में इस उद्देश्य से दिए गए स्थान पर लिखें (यदि शुल्का का भुगतान किया जाना है) और इसे आवेदन के साथ पिन (स्टेपल न करें) की सहायता से संलग्न करें। उचित आवेदन के साथ नहीं भेजे गए शुल्क अथवा किसी अन्य तरीके से किया गया भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा। एक बार शुल्क का भुगतान किये जाने पर उसे किसी भी स्थिति में लौटाया नहीं जाएगा।

8. **सामान्य नियम/अनुदेश :**

i) यदि उम्मीदवार एक से अधिक पदों के लिए पात्र है और एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करना चाहता है तो उसे अपेक्षित शुल्क के साथ प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग आवेदन करना चाहिए। एक से अधिक पदों के लिए एक आवेदन अवैध माना जाएगा और अस्वीकृत किया जाएगा।

ii) आवेदन का प्रारूप (ऑफ लाइन तरीके के लिए) इस विज्ञापन के अंत में दिया गया है। उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप के अनुरूप ही आवेदन करें।

iii) जिन आवेदनों के साथ निर्धारित शुल्क (जब तक छूट न दी गई हो) नहीं होगा अथवा जो आवेदन अपूर्ण/अपात्य/निर्धारित फार्मेट में नहीं होंगे, फोटो बिना होंगे, हस्ताक्षर बिना होंगे उन्हें अस्वीकार कर दिया जाएगा तथा इस संबंध में बोर्ड द्वारा कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

iv) उम्मीदवार अपने आवेदन के साथ कोई भी प्रमाणपत्र अथवा उसकी प्रतियां **संलग्न न करें**। आवेदन में दी गई जानकारी के आधार पर ही उनकी उम्मीदवारी पर विचार किया जायेगा। किसी भी स्तर पर यदि यह पाया गया कि आवेदन में दी गई कोई भी जानकारी झूठी/गलत है या बोर्ड के अनुसार उम्मीदवार पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करता/करती है तो उसकी उम्मीदवारी/नियुक्ति रद्द/समाप्त की जा सकती है।

v) सभी शैक्षणिक अर्हताएं भारत या विदेश के मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/संस्थाओं से प्राप्त की गई हों। यदि अंकों के बजाय ग्रेड प्रदान किया गया हो तो उम्मीदवार उनके समकक्ष अंक स्पष्ट रूप से अवश्य दें।

vi) उम्मीदवारों को सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे आवेदित पद के पात्रता मानदंडों को सभी प्रकार से पूरा करते हैं। बोर्ड पद के लिए अपेक्षित शुल्क (जहां कहीं भी लागू हो) के साथ आवेदन करने वाले सभी उम्मीदवारों को आवेदन में दी गई जानकारी के आधार पर लिखित परीक्षा में प्रवेश देगा तथा उनके पात्रता मानदंडों की जांच केवल अंतिम स्तर अर्थात साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने के समय ही करेगा।

vii) ऐसे उम्मीदवार जो पहले से सरकारी/अर्ध-सरकारी संगठनों और सरकारी क्षेत्र के बैंकों/उपक्रमों में सेवारत हैं, उन्हें साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' प्रस्तुत करना होगा। भारतीय रिज़र्व बैंक में नियुक्ति से पहले उन्हें पूर्व नियोक्ता से एक उचित सेवा-मुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। यदि आवेदन नियोक्ता के माध्यम से भेजा जाना अपेक्षित है और वह बोर्ड के कार्यालय में अंतिम तारीख के बाद प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा भले ही आवेदक द्वारा वह नियोक्ता को अंतिम तारीख से पहले प्रस्तुत किया गया हो। ऐसे मामलों में, 'अग्रिम प्रति' लिखकर आवेदन शुल्को के साथ बोर्ड के कार्यालय में सीधे भेज दिया जाए और नियमित प्रति (बिना शुल्कन के) नियोक्ता के माध्यम से भेजी जाए।

viii) यदि पते में कोई परिवर्तन हो तो उसकी सूचना बोर्ड को तत्काल दी जाए। यद्यपि, बोर्ड ऐसे परिवर्तनों पर ध्यान देने का पूरा प्रयास करेगा, परंतु इस संबंध में बोर्ड की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी, विशेषरूप से ऐसी स्थिति में जब सूचना प्राप्ति की तिथि तथा परीक्षा/साक्षात्कार की तिथि में बहुत कम अंतर हो।

ix) आवेदन करने के लिए अपनी पात्रता के संबंध में सलाह मांगने वाले उम्मीदवारों से प्राप्त पत्रों पर बोर्ड विचार नहीं करेगा।

x) लिखित परीक्षा में प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों की सूची भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर उचित समय पर दी जाएगी। यदि किसी उम्मीदवार को बोर्ड से लिखित परीक्षा के लिए प्रवेश-पत्र/कोई अन्या सूचना प्राप्तम न हो तो उसे आवश्यक मार्गदर्शन के लिए **परीक्षा की तारीख से चार दिन पहले से किसी भी दिन** पासपोर्ट- आकार के हस्ताक्षरित फोटो-सहित कार्यालय समय के दौरान आवेदन में दिये गये परीक्षा केंद्र के प्रभारी अधिकारी से सम्पर्क करना चाहिए। उपर्युक्त अनुदेशों का पालन न करने पर उम्मीदवार को इस बात का कोई हक प्राप्त नहीं होगा कि उसके मामले पर कोई विचार किया जाए।

xi) लिखित परीक्षा के लिए उम्मीदवारों को स्वयं के खर्चे पर आना होगा। साक्षात्कार के लिए बुलाये गये उम्मीदवारों को उनके आवास / कार्य के स्थान, जो भी निकट हो, से साक्षात्कार के स्थान तक आने और जाने के लिये लघुतम मार्ग द्वारा प्रथम श्रेणी अथवा II एसी के वास्तविक रेल भाड़े की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

xii) बोर्ड के साथ पत्राचार करते समय प्रवेश-पत्र में दिया गया रोल नंबर अवश्य लिखें।

xiii) भारतीय रिज़र्व बैंक के कर्मचारी (स्टाफ उम्मीदवार) जो बैंक द्वारा अलग से निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं, भी इन पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं।

xiv) जहां परीक्षा आयोजित की जा रही है वहां मोबाइल फोन, पेजर या अन्य कोई संचार उपकरण अंदर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। इन अनुदेशों का उल्लंघन किया जाता है तो उम्मीदवार को इस परीक्षा के लिए अयोग्य ठहराए जाने के साथ-साथ भविष्य में आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के लिए भी प्रतिबंधित किया जाएगा।

xv) बोर्ड द्वारा उम्मीदिवारों को अंक-सूची नहीं दी जाती है। तथापि परीक्षा और साक्षात्कर के अंक, अंतिम परिणाम की घोषणा के बाद बैंक की वेब साइट पर उपलब्धी होंगे।

xvi) किसी भी प्रकार की अनुयाचना उम्मीदवार की अयोग्यता मानी जाएगी।

xvii) पात्रता, परीक्षा का नियोजन, साक्षात्कार, मूल्यांकन, रिक्तियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए साक्षात्कार में न्यूनतम अर्हता मानक निर्धारित करने और परिणामों की सूचना देने से संबंधित सभी मामलों में बोर्ड का निर्णय अंतिम तथा उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा तथा इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

9. **आवेदन प्रस्तुत करना :**

उम्मीदवार उपर्युक्त पदों के लिए निर्धारित आवेदन **(ऑफ-लाइन)** अथवा ऑन-लाइन तरीके से आवेदन कर सकते है। **ऑन-लाइन आवेदन करने के बाद इसका प्रिंटआउट (हार्डकॉपी) बोर्ड कार्यालय में भेजें।**

i) **ऑन-लाइन :**

उम्मीदवार : **http://onlinedr.rbi.org.in** लिंक/यूआरएल का प्रयोग करके ऑन-लाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑन-लाइन आवेदन करने के लिए विस्तृत अनुदेश इस लिंक पर उपलब्ध हैं। उम्मीदवार अनुदेशों को ध्यानपूर्वक पढ़कर ही "Apply" लिंक पर क्लिक करें।

ऑन-लाइन आवेदन प्रणाली की मुख्य विशेषताएं निम्नानुसार हैं :

क) ऑन-लाइन आवेदन भरने से पहले उम्मीदवार को 100/-रुपए का मांग ड्राफ्ट अथवा भारतीय पोस्टल आर्डर अवश्य खरीद लेना चाहिए (अजा/अजजा/विकलांग उम्मीदवारों को छोड़कर जिन्हें शुल्क के भुगतान में छूट प्राप्त है)।

ख) शुल्क से छूट प्राप्त श्रेणी के उम्मीदवार सीधे ऑन-लाइन आवेदन भर सकते हैं।

ग) उम्मीदवारों के लिए आवश्यक है कि वे सिस्टम के माध्यम से आंकड़े प्रस्तुत करने के बाद ऑन-लाइन आवेदन का प्रिंटआउट निकाल लें। इस प्रिंटआउट में विनिर्दिष्ट जगह पर हस्ताक्षरित फोटो चिपकाएं (स्टेपल न करें), हस्ताक्षर करें तथा 100/- रुपए का मांग ड्राफ्ट/भारतीय पोस्टल आर्डर (यदि शुल्क का भुगतान अपेक्षित हो) संलग्न करें।

घ) उम्मीदवारों के लिए **आवश्यक है कि** वे उनके द्वारा भरे गए ऑन-लाइन आवेदन का प्रिंटआउट (हार्ड कॉपी) भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड कार्यालय (भारिबैंसबो) को साधारण डाक द्वारा भेजें। यदि उनके आवेदन का प्रिंटआउट (हार्ड कॉपी) विज्ञापन में उल्लिखित **अंतिम तारीख** तक बोर्ड को प्राप्त नहीं होगा तो ऑन-लाइन आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा तथा इसे रद्द कर दिया जाएगा।

ड.) एक से अधिक बार आवेदन न भरें। अनुलिपि आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा तथा इन्हें रद्द कर दिया जाएगा।

च) ऑन-लाइन आवेदन दिनांक 16 मई 2011, अपराह्न 11.59 बजे तक भरे जा सकते हैं। इसके बाद लिंक डिसेबल हो जाएगा।

ii) **ऑफ-लाइन :**

उम्मीदवार विज्ञापन में दिए गए आवेदन फार्मेट में ही आवेदन करें। यह अच्छी गुणवत्ता वाले सफेद ए4 कागज पर हिंदी या अंग्रेजी में टाइप किया हुआ अथवा हाथ से साफ-साफ लिखा होना चाहिए। आवेदन में सभी कॉलम (विकलांग तथा शुल्क को छोड़कर, यदि लागू न हो) स्पष्ट रूप से लिखे अथवा टाइप होने चाहिए। अपूर्ण तथा अपात्य आवेदन रद्द कर दिए जाएंगे।

iii) **ऑफ-लाइन** आवेदन अथवा ऑन-लाइन आवेदन का प्रिंटआउट, जो भी हो, **साधारण डाक** द्वारा **'महाप्रबंधक, भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड, पोस्ट बैग नं. 4618 मुंबई सेंट्रल डाकघर, मुंबई 400008' पर भेजें।**

iv) **ऑफ-लाइन** आवेदन अथवा ऑन लाइन आवेदन का प्रिंटआउट, जो भी हो, बंद लिफाफे में भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई सेंट्रल स्टेशन के सामने, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008 में इस प्रयोजन के लिए विशेष रूप से रखे गए ड्राप बाक्स में भी डाल सकते हैं।

v) **ऑफ-लाइन** आवेदन अथवा ऑन-लाइन आवेदन का प्रिंटआउट, जो भी हो, के लिफाफे पर आवेदित पद का नाम लिखें। उदाहरण के लिए यदि आवेदन सप्र (सुरक्षा) ग्रेड ए के पद के लिए है तो लिफाफे पर **'सप्र (सुरक्षा) ग्रेड ए के पद के लिए आवेदन'** लिखें।

vi) **उम्मीदवार ऑन-लाइन (जिसके बाद ऑन-लाइन आवेदन का प्रिंटआउट भी भेजें) अथवा ऑफ-लाइन में से केवल एक ही तरीके से आवेदन करें। दोनों तरीकों से आवेदन न करें। अनुलिपि आवेदन रद्द कर दिए जाएंगे।**

10. **अंतिम तारीख :**

(i) ऑफ-लाइन आवेदन अथवा ऑन-लाइन आवेदन का प्रिंटआउट (हार्डकॉपी), जो भी हो, बोर्ड कार्यालय में **दिनांक 23 मई 2011, अपराह्न 6.00 बजे** तक पहुंच जाना चाहिए।

(ii) विदेश में, असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, जम्मू और कश्मीर राज्य के लद्दाख मंडल, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले तथा चंबा जिले के पांगी उप - मंडल, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप में रहनेवाले उम्मीदवारों से **केवल डाक द्वारा** आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख 30 मई 2011, अपराह्न 6.00 बजे तक है। डाक के अलावा अन्य किसी प्रकार से प्राप्त आवेदन के मामले में बढ़ाई गई समय-सीमा का लाभ नहीं मिलेगा।

(iii) आवेदन की प्राप्ति में विलंब अथवा डाक में उसके खो जाने के मामले में बोर्ड की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

11. **आवेदन प्रस्तुत करने के लिए जांच-सूची :**

(i) नीचे दिए गए आवेदन के प्रारूप का उपयोग आवेदन के रूप में नहीं किया जाए।

(ii) आवेदन निर्धारित प्रारुप के अनुरूप ही अच्छी गुणवत्ता वाले **''सफेद ए4''** कागज पर हिंदी या अंग्रेजी में टाइप किया हुआ अथवा हाथ से साफ-साफ अक्षरों में लिखा हुआ होना चाहिए तथा इस पर नवीनतम हस्ताक्षरित पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाया (स्टेपल न हो) जाना चाहिए। उम्मीदवारों को सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी प्रविष्टियां सही भरी गई हों तथा आवेदन पर हस्ताक्षर किए गए हों।

(iii) चूंकि प्रोसेसिंग का काम कंप्यूटरीकृत है, इसलिए नाम और पता **केवल अंग्रेजी के बड़े (कैपिटल) अक्षरों** में लिखा जाए।

(iv) आवेदन जिस लिफाफे में भेजा जा रहा है उस पर आवेदित पद का नाम अवश्य लिखें।

(v) **आवेदक सुनिश्चित करें कि मांग ड्राफ्ट/भारतीय पोस्टल आर्डर (यदि लागू हो) सहित आवेदन ऑफ-लाइन या ऑन-लाइन आवेदन का प्रिंटआउट बोर्ड कार्यालय में अंतिम तारीख तक पहुंच जाए। निर्धारित तारीख तक सिस्टम के माध्यम से ऑन-लाइन आवेदन सफलतापूर्वक जमा करने के बावजूद यदि इसका सिस्टम से प्राप्त हस्ताक्षरित प्रिंटआउट फोटो के साथ अंतिम तारीख तक बोर्ड कार्यालय में नहीं पहुंचता है तो ऐसा ऑन-लाइन आवेदन वैध नहीं होगा तथा इसे रद्द कर दिया जाएगा।**

भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड, मुंबई

सहायक प्रबंधक (सुरक्षा) ग्रेड ए/सहायक प्रबंधक (राजभाषा) ग्रेड ए/सांसूप्रवि के लिए अनुसंधान अधिकारी ग्रेड बी के पद के लिए आवेदन

विज्ञापन सं. 5 ए/2010-11

प्राप्ति सं.

(कार्यालयीन उपयोग हेतु)

आवेदित पद :_____

1. पूरा नाम : (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में) :

2. वर्ग :

क. सामान्य के लिए **सामा.**/अनुसूचित जाति के लिए **अजा**/अनुसूचित जनजाति के लिए **अजजा**/अन्य पिछड़े वर्ग के लिए अपिव लिखें। (**'क्रीमी लेयर'** के अंतर्गत आने वाले अपिव उम्मीदवारों को अपने वर्ग का उल्लेरख **सामा.** के रूप में करना चाहिए)। यह कॉलम खाली न छोड़ें।

ख. विकलांग उम्मीदवार उपर्युक्त **क** में मुख्य श्रेणी के साथ-साथ अस्थि रूप से विकलांग के लिए **अ.वि.**, बधिर के लिए **बधिर** और दृष्टिहीन विकलांग के लिए **दृ.वि.** लिखें। **(अन्य उम्मीदवार इसे खाली छोड़ें)।**

पासपोर्ट आकार का हस्तारक्षरित नवीनतम फोटो चिपकाएं

3.

परीक्षा केंद्र	कोड नं.	

4. लिंग :

पुरूष के लिए **(पु)** **स्त्री** के लिए **(स्त्री)** लिखें :

5. जन्म तिथि :

दिन माह वर्ष

6. आयु (दिनांक 01.04.2011) _____ वर्ष _____ माह

7. क. शैक्षिक अर्हता (दिनांक 01.04.2011)

(पद हेतु विनिर्दिष्ट न्यूनतम अर्हता से प्रारंभ करते हुए)

परीक्षा का नाम (कृपया विवरण दें)	मुख्य विषय	परिणाम की तारीख	विश्वाविद्यालय/ संस्थान	अंकों का समग्र % (दो दशमलव अंकों तक)	श्रेणी/ डिवीजन
स्नातक					
स्नातकोत्तर					

ख. उच्चनतर शैक्षिक अर्हता (दिनांक 01.04.2011) (बॉक्स अ में एम.फिल/पीएच.डी/सांख्यिकी अथवा संबंधित विषय में पीजी डिप्लोमा, यदि हो, लिखें।)

ग. कंप्यूटर एप्लीकेशन में अर्हता (पाठ्यक्रम का नाम लिखें)
केवल अनुसंधान अधिकारी ग्रेड बी (सांसूप्रवि) के लिए

8. क्या (आप भूतपूर्व सैनिक/जम्मू और कश्मीर के अधिवासी की श्रेणी/सरकारी कार्यालयों/बैंकिंग संस्था ओं से छंटनी किए गए कर्मचारियों की श्रेणी में आते हैं ? हां के लिए (हां) नहीं के लिए (नहीं) लिखें।

9. क्या आपके पास सप्र (सुरक्षा) के लिए थल/जल/वायु सेना में निर्धारित न्यूकनतम पांच वर्ष की कमीशन प्राप्त सेवा/सप्र (राजभाषा) के लिए तीन वर्ष का अनुभव है – हां के लिए (हां) और नहीं के लिए (नहीं) लिखें।

10. विज्ञापन के संदर्भ में अनुभव (दिनांक 01.04.2011)

नियोक्ता का नाम और पता	पदनाम	कार्य का स्वरूप	अवधि		कुल अवधि	
			से	तक	वर्ष	माह

11. परीक्षा शुल्क का विवरण

अदाता बैंक/डाकघर का नाम	मांग ड्राफ्ट/भारतीय पोस्टल ऑर्डर की संख्या	मांग ड्राफ्ट/भारतीय पोस्टल ऑर्डर की तारीख	राशि (रूपए)

12. पत्राचार का पता
(अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में पिनकोड सहित – कृपया नाम न दोहराएं)

ई- मेल, यदि कोई :

टेलीफोन सं.(एसटीडी कोड के साथ)/मोबाइल नं., यदि कोई :

मैं एतद् द्वारा यह घोषित करता/करती हूं कि इस आवेदन में दिए गए सभी विवरण मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वा/स के अनुसार सत्यत, पूर्ण तथा सही हैं। मैं यह जानता/जानती हूं कि यदि किसी भी समय इस आवेदन में उल्लिखित कोई भी सूचना असत्य/गलत पाई गई या यह पाया गया कि बोर्ड के अनुसार मैं पात्रता मानदंड़ों को पूरा नहीं करता/करती हूं, तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति रद्द/समाप्त की जा सकती है। मैंने विज्ञापन में उल्लिखित शर्तों को पढ़ और समझ लिया है और एतद् द्वारा उनके अनुपालन का वचन देता/देती हूं।

स्थान : (आवेदक के हस्ताक्षर)

तारीख : नाम :

उम्मीदवारों द्वारा नोट किए जाने वाले अति महत्वआपूर्ण बिन्दु : (i) आवेदन पर फोटो चिपकाने सहित उम्मीदवार आवेदन को सभी प्रकार से पूरा भरें। (ii) किसी भी रूप में अपूर्ण आवेदन को रद्द कर दिया जाएगा और बोर्ड द्वारा इस मामले में कोई भी पत्राचार नहीं किया जाएगा। (iii) आवेधित पद का उल्लेख आवेदन के शीर्ष पर करना अनिवार्य हैं।